भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन

विषय – यूनिकोड हिंदी टाइपिंग

दिनांक – 29 मई 2023 से 02 जून 2023 तक

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 29 मई 2023 को भा.वा.अ.शि.प. एवं वन अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों एवं कार्मिकों हेतु संयुक्त रूप से 'यूनिकोड हिंदी टाइपिंग' विषय पर वन अनुसंधान संस्थान के सू.प्रौ. एवं जीआईएस लैब में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय इस कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. गीता जोशी, स.म.नि. (मी.व वि.) एवं श्री एस.के थॉमस, कुलसचिव, व.अ.सं. उपस्थित रहे। डॉ. गीता जोशी, स.म.नि. (मी.व वि.) ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों से कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्री एस.के थॉमस, कुलसचिव, व.अ.सं. ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य व.अ.सं., देहरादून तथा भा.वा.अ.शि.प. के अधिकारियों एवं कर्मियों को यूनिकोड हिंदी टाइपिंग के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों में सक्षम बनाना है। कार्यशाला में कुल 28 कार्मिकों ने भाग लिया जिन्हें अवनीश कुमार, हिंदी अनुवादक ने यूनिकोड हिंदी टाइपिंग के बारे में जानकारी दी।